BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करुणा
ESTABLISHED 1996

BBAU NEWSLETTER

Quarterly Newsletter October-December, 2020

www.bbau.ac.in

पौध विक्रय केन्द्र का उद्घाटन




विवि के बागवानी एवं सौंदर्यीकरण विभाग द्वारा विवि के गेट नं0 2 स्थित पराग बूथ के निकट एक पौध विक्रय केंद्र खोला गया है। दिनांक 25 अक्टूबर को विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह द्वारा इस केंद्र का उद्घाटन किया गया।

प्रो० आर०पी० सिंह सम्मानित



विवि के डीन, अकादमिक अफेयर्स प्रो0 राणा प्रताप सिंह को आर0 ए0 एस0 एस0 ए0 इंडिया (रॉयल एसोसिएशन फॉर साइंस लेड सोसियो कल्चरल एडवांसमेंट) द्वारा ग्रामीण विकास की दिशा में शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक सुधार में उनके योगदान के लिए "महर्षि सम्मान – 2020"से सम्मानित किया गया है।

कोविड से बचाव हेतु शपथ ग्रहण



विवि में 8 अक्टूबर को एक ऑनलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह शपथ कोविड–19 से बचाव के नियमों का पालन करने के लिए ली गई।

'अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर प्रतियोगिता

विश्वविद्यालय की महिलाओं की आधारभूत सुविधाओं की समिति एवं विवि की एनसीसी इकाई द्वारा '11 अक्टूबर, अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस' के उपलक्ष में ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।


आठ शोध छात्रों को फेलोशिप

विवि के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के 08 शोध छात्रों को आईसीएमआर एक्स्ट्रामुरल फेलोशिप प्रस्ताव योजना के तहत आमंत्रित किए गए एक्स्ट्रामुरल फेलोशिप हेतु चुना गया।

गांधी जी के जीवन संघर्ष से लें प्रेरणा

विवि के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा गांधी जी की 151वीं वर्षगांठ के अवसर पर "गांधीजी के विचारों की प्रासंगिकता एवं वर्तमान जनमाध्यम" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन 1 अक्टूबर को किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि गांधी जी के जीवन पर हम कितनी चर्चा करते हैं और कितना हम उनके विचारों को आत्मसात करते हैं, इसका विश्लेषण आवश्यक है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर कपिल देव मिश्रा, कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, ने कहा कि जीवन में दर्शन हमारे महापुरुषों से प्राप्त होता है। हमें गांधी जी के जीवन संघर्ष व उनके विचारों को जानने व उससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक, विभाग के सहायक आचार्य, डॉ अरविंद कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर गोविंद जी पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया और डॉ0 लोकनाथ ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अन्त में मीडिया एवं जनसंचार विद्यापीठ के अध्यक्ष, प्रोफेसर गोपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के समस्त शिक्षक व आयोजन समिति के सदस्य डॉ महेंद्र कुमार पाढी, डॉ0 रचना गंगवार, डॉ सुरेंद्र बहादुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में देश एवं विदेश के कई शिक्षक एवं विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये।



गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ही 2 अक्टूबर को "गांधीजी की पत्रकारिता की वर्तमान समय में प्रासंगिकता" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर संजय द्विवेदी, महानिदेशक, भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली, ने कहा कि आज दो महान विभूतियों का जन्म दिवस है, इन दोनों के स्मरण मात्र से ही हमें संबल प्राप्त होता है। अगर बात करें महात्मा गांधी की तो पूरे विश्व में उनके बारे में बहुत अधिक शोध कार्य हुआ है। कार्यक्रम में विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व पर चिंतन करना तो आसान है, मगर उनके गुणों को आत्मसात करना बेहद मुश्किल है। इसका हमें पालन करने की आवश्यकता है।

विवि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह

तकनीक के उपयोग से भ्रष्टाचार पर रोक संभव

विवि के मानवाधिकार विभाग द्वारा 27 अक्टूबर से 2 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। इस क्रम में 29 अक्टूबर 2020 को "सतर्क भारत, समृद्ध भारत" विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 डी0 पी0 सिंह, अध्यक्ष, आई0 क्यू0 ए0 सी0 ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रोफेसर एस0 के0 भटनागर, कुलपति, राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, ने कहा कि तकनीक का प्रयोग करके समाज से भ्रष्टाचार खत्म किया जा सकता है । मगर अपराधियों द्वारा इसका गलत प्रयोग भी किया जाता है, इसलिए हमें तकनीक के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इसका संतुलित और सजग प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, प्रोफेसर संजय गुप्ता, लखनऊ यूनिवर्सिटी, ने कहा कि भ्रष्टाचार एक गंभीर विषय है और सरकारों द्वारा इसे खत्म करने के लिए कई कदम भी उठाए गए हैं, मगर कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर डी0 पी0 सिंह, कार्यक्रम की संरक्षक प्रो0 प्रीति सक्सेना, विवि की सतर्कता अधिकारी प्रोफेसर प्रीति मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

महिला मुद्दों पर राष्ट्रीय वेबिनार

विवि की महिलाओं की आधारभूत सुविधाओं की समिति, 'उन्नत भारत' टीम एवं एनसीसी टीम की तरफ से उत्तर प्रदेश सरकार की पहल मिशन शक्ति के अंतर्गत राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार "लाइटिंग द लोडः फिजियोलॉजिकल रेसिलिएन्स एंड इमोशन वेलबीइंग ऑफ वीमेन" विषय पर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 संजय सिंह जी के संरक्षण में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो0 शिल्पी वर्मा रही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, मिस नेहा आनंद, डायरेक्टर, बोधि ट्री एंड कॉउसलिंग साइकोलॉजिस्ट ने पोस्टपार्टम और प्रीपार्टम डिप्रेशन के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम की दूसरी मुख्य वक्ता प्रो0 शुभिनी सर्राफ रही। डॉ0 (ले0) राजश्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ रचना गंगवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पर्यावरण प्रबंधन में विवि को आई. एस. ओ. प्रमाण


विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय ग्रीन बिल्डिंग मानकों के साथ "आईएसओ 14001" प्रमाणित परिसर का गौरव प्राप्त हुआ है। विवि के कोर ग्रीन ग्रुप ने आज ग्रीन ऑडिट रिपोर्ट पेश की। यह ऑडिट एक स्वतंत्र पर्यावरण मूल्यांकन एजेंसी परामर्श द्वारा किया गया है। यह ग्रीन ऑडिट विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे "ग्रीन कैंपस, अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन और ऊर्जा प्रबंधन" पर केंद्रित था।

BBAU
NEWS LETTER
October-December, 2020

सकारात्मक बदलाव हेतु माध्यमों का हो बेहतर उपयोग

विवि के जनसंचार और पत्रकारिता विभाग द्वारा "डेवलपमेंट कम्युनिकेशन फ़ॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचरः रिविज़िटिंग द गांधीवादी मॉडल ऑफ़ एनवायरनमेंटलिज़्म" विषय पर 20 अक्टूबर से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वेबिनार के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि हमें महात्मा गांधी के दिखाए सत्य, अहिंसा के रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। जब हम अपने जीवन में सच की राह पर चलेंगे तो कई सारी समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 बी0 के0 कुटियाला, चेयरमैन, हरियाणा स्टेट हायर एडुकेशन कॉउन्सिल, ने कहा कि हम पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में बुरी तरह विफल रहे हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संचार के माध्यमों का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर के0 जी0 सुरेश, कुलपति, एम0 सी0 आर0 पी0 यूनिवर्सिटी, भोपाल, ने कहा कि महात्मा गांधी प्रकृति से बेहद प्रभावित थे और वे प्रकृति को ही अपना आदर्श मानकर उससे प्रेरणा लेते थे। वेबिनार का संचालन डॉ अरविंद कुमार सिंह द्वारा किया गया। विभाग के अध्यक्ष, प्रोफ़ेसर गोविंद जी पांडे ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत किया। इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉक्टर महेंद्र कुमार पाढ़ी ने कार्यक्रम की विषयवस्तु का संक्षिप्त में विवरण दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर गोपाल सिंह, डीन, स्कूल ऑफ़ मीडिया कम्युनिकेशन, ने सभी शिक्षकों, अतिथियों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आयोजन मंडल की सदस्य डॉ0 रचना गंगवार, डॉ0 कुंवर सुरेंद्र बहादुर, डॉ0 लोकनाथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में देश विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया।



संविधान दिवस पर वेबिनार



विवि में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर विधि विभाग द्वारा "फंडामेंटल ड्यूटीज़ अंडर इंडियन कॉन्स्टिट्यूशनः इम्पॉर्टेन्स एंड इम्पलीमेंटेशन" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय बाबासाहेब के नाम पर स्थापित है, और हम उन्हीं के आदर्शों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्य अतिथि, कामेश शुक्ला, एडिशनल लीगल एडवाइजर, गवर्नर सेक्रेट्रीएट, लखनऊ और विशिष्ट अतिथि, श्री हरजोत सिंह, डायरेक्टर, ट्वीनवुड लॉ प्रैक्टिस लिमिटेड, सॉलीसीटर– सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंग्लैंड एंड वेल्स, बिर्मिंघम, यू0 के0, ने मौलिक कर्तव्यों के बारे में विद्यार्थियों को बताया। कार्यक्रम में डॉ0 अली महमूद याह्या, डिपार्टमेंट ऑफ लॉ, इमाम आज़ाद यूनिवर्सिटी , बगदाद, इराक़, ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

प्राकृतिक भोजन को दें वरीयता

विवि की एनएसएस, एनसीसी इकाइयों और ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में सात अक्टूबर को एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार "पर्यावरण संरक्षण व भोजन व्यवहार" विषय पर आयोजित किया गया । इस वेबीनार में वक्ताओं ने प्राकृतिक भोजन को वरीयता देने का सुझाव दिया। उन्होने कहा कि समाज में जानवरों को भी सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिलना चाहिए।

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर वेबिनार

विवि के एनसीसी व एनएसएस इकाई द्वारा 13 अक्टूबर को 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह के संरक्षण में इस वेबिनार का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। विवि की प्रोफेसर शिल्पी वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में आनलाइन शिक्षा प्रशिक्षण की बात कही गयी है, यह सभी के लिए महत्वपूर्ण है। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ0) राजश्री ने कार्यक्रम में सभी वक्ताओं, विद्यार्थियों और शिक्षकों का स्वागत किया ।

वैज्ञानिकों की सूची में स्थान

अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के डॉ0 जॉन पी0 ए0 लोननिदिस के नेतृत्व में तीन लोगों की टीम के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विश्व के सर्वश्रेष्ठ दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की एक सूची तैयार की गई है। सूची में विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह के साथ सात अन्य शिक्षकों को भी स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें डॉ0 जयशंकर सिंह को अगरोनॉमी और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में, डॉ0 विमल चंद्र पांडेय को एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, प्रो0 राम चंद्रा को एनवायरनमेंटल साइंसेज के क्षेत्र में, डॉ0 देवेश कुमार को जनरल केमिस्ट्री के क्षेत्र में और प्रो0 बी0 एस0 भदौरिया को मैकेनिकल इंजीनियरिंग और ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में, प्रो0 बी0 सी0 यादव को एप्लाइड साइंस और डॉ राम नरेश भार्गव को बायोटेक्नोलॉजी में विश्व के सर्वश्रेष्ठ 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ है।

ऑनलाइन प्रशिक्षण समय की आवश्यकता

विवि में एआईसीटीई अटल प्रायोजित पांच दिवसीय इंटरनेट ऑफ थिंग्स कार्यशाला का आयोजन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 अक्टूबर से आरम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह में विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर पोर्टल से जुड़ कर अपने संबोधन में एआईसीटीई की सराहना करते हुए बताया कि इस महामारी की स्थिति में शिक्षकों एवं छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण समय की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए।


बैक्टीरिया हानिकारक रसायन खाते हैं : डॉ. पंकज अरोड़ा



विवि के माइक्रोबायोलाजी विभाग के डाक्टर पंकज अरोड़ा ने अपने शोध पत्र में बताया है कि लगातार बढ़ते प्रदूषण का स्तर एक गंभीर समस्या है। हर साल, हजारों लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। प्रदूषण के कारण कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं। प्रदूषण का मुख्य कारण विभिन्न उद्योगों द्वारा हमारे पर्यावरण में हानिकारक रसायनों को छोड़ना है। यह शोध पत्र स्विट्जरलैंड के उच्च गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसमें उन्होंने कहा है कि आज वातावरण में प्रदूषण की जो परिस्थियां हमारे सामने हैं उसे देखते हुए इस रिसर्च में प्राप्त जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है।

अर्थव्यवस्था में संसाधनों का समान वितरण प्रगति हेतु आवश्यक

विवि के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा 'नैनोसाइंस एंड नैनोटेक्नोलॉजी–2020' विषय पर 27 नवंबर से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की । उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डी0 के0 आसवाल, डायरेक्टर, एन.पी.एल., दिल्ली, ने इंक्लूसिव ग्रोथ पर चर्चा की और बताया कि अर्थव्यवस्था में संसाधनों का समान वितरण समाज के लिए और देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर आलोक धवन, डायरेक्टर, सी.बी.एम.आर., पी.जी.आई., लखनऊ ने नैनोसांइस और तकनीकी की वजह से पर्यावरण और मनुष्यों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर आविष्कार के दो पहलू होते हैं, और हमें उसके दोनों सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नैनोमटेरियल में सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर बात की और कहा कि वे लोग जो नैनो मटेरियल के संपर्क में आते हैं, उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यह नैनो मटेरियल आकार में अत्यधिक छोटे होते हैं



जिसकी वजह से शरीर में इनकी उपस्थिति का पता लगाना एक चुनौती होती है। यह नैनो पार्टिकल डीएनए को भी क्षति पहुंचा सकते हैं और कैंसर का कारण बनते हैं। इस कार्यक्रम में विविध संस्थानों, विश्वविद्यालयों के बड़ी संख्या में विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में प्रो. बी. सी. यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

विश्व मानवाधिकार दिवस; ज्वलंत विषयों पर चर्चा



विवि में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर को विवि के विधि विभाग, विधि अध्ययन विद्यापीठ में "समावेशी लोकतंत्र एवं मानवाधिकार का संरक्षण'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री सुधीर कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, राज्य लोक सेवा प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, ने महिला सशक्तिकरण उत्थान, मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन, बाल शोषण व बाल श्रम तथा पर्यावरणीय जैसे ज्वलन्त विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डा0 संजीव कुमार चढढा, विभागाध्यक्ष, विधि विभाग ने राष्ट्रीय वेबिनार के अन्त में आये हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ही विवि के मानवाधिकार विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में "इम्पैक्ट ऑफ़ कोविड–19 ऑन ह्यूमन राइट्स टू हेल्थ " विषय पर चर्चा हुई। वेबिनार के मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश दीक्षित, सदस्य, उत्तर प्रदेश ह्यूमन राइट्स कमीशन, ने राष्ट्रीय और प्रादेशिक मानवाधिकार आयोग, उसके गठन और आयोग के सदस्यों व उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता, प्रोफ़0 मोहम्मद तारिक, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, ने कहा कि कोविड–19 ने विश्व स्तर पर आमजन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सभी को समान चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करके ही हम इस समस्या से लड़ सकते हैं। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ राजश्री ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा डॉ राशिदा अतहर ने कार्यक्रम के अंत मे सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

देश के निर्माण में एन.सी.सी की अहम भूमिका



72वें एनसीसी दिवस के अवसर विवि के भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में यूपी एनसीसी डायरेक्टरेट द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती आराधना शुक्ला, आईएएस, एडीशनल चीफ सेक्रेट्री, यूपी सेकेंडरी एजुकेशन, विशिष्ट अतिथि कुलपति, प्रो0 संजय सिंह, बीबीएयू और मेजर जनरल राकेश राणा व उत्तर प्रदेश एनसीसी के कैडेट्स व अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस अवसर पर अपना संदेश प्रेषित किया। अपने संदेश के माध्यम से उन्होंने इस समारोह के आयोजन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका रही है।

विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में 1 दिसंबर को विधि विभाग, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज और विधिक सेवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

गणतन्त्र दिवस परेड हेतु छात्रा का चयन



विवि के ग्रामीण प्रबंधन विभाग के (बी.कॉम ऑनर्स) की छात्रा छात्रा अंशु श्रीवास्तव का चयन दिल्ली मे आयोजित 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस शिविर के लिए किया गया है।

पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण



दीपावली के पावन पर्व पर विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बाबासाहेब और पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और दीप जलाए।

महिला सशक्तिकरण पर विभिन्न कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश सरकार की पहल "मिशन शक्ति" के अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की महिलाओं की आधारभूत समिति, जेंडर चैंपियन कमेटी, उन्नत भारत अभियान एवं एनसीसी इकाई द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम हुए।

"मिशन शक्ति" के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम

विवि द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के "मिशन शक्ति" पहल के अंतर्गत प्रथम चरण में दिनांक 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इसमें पोस्टर प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन, वादविवाद आदि कार्यक्रम किये गये। इस कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 शिल्पी वर्मा ने की। संयोजन समिति में प्रोफेसर नवीन कुमार अरोरा, डॉक्टर रचना गंगवार, डॉ0 यू0 वी0 किरण, डॉ0 राजश्री एवं डॉ मनोज डडवाल कार्यक्रम में शामिल थे।

मनुष्य को आत्म बोध कराती है शिक्षा

विवि में 11 नवंबर को 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के अवसर पर " इन सर्च ऑफ़ मीनिंग ऑफ़ एजुकेशन" विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश्वर मिश्रा, पूर्व कुलपति, महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, थे। उन्होने कहा कि मनुष्य होने का ज्ञान और उद्देश्य हमें शिक्षा से ही प्राप्त होता है। उन्होने बताया कि शब्द से अर्थ की यात्रा शिक्षा से तय होती है और इससे आत्म बोध होता है।



इसी अवसर पर विधि विभाग, विधि अध्ययन विद्यापीठ में लॉ स्टूडेंट एकेडमिक फोरम द्वारा "भारतीय संविधान के अंतर्गत शिक्षा के अधिकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा में छात्रों ने पायी सफलता

विवि के विद्यार्थियों ने एक बार फिर विश्वविद्यालय को यूजीसी नेट एवं जेआरएफ की परीक्षा में उत्तीर्ण हो गौरवान्वित किया है। विवि के विभिन्न विभागों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने नेट एवं जेआरएफ की परीक्षा पास की है।

श्रीनिवास रामानुजन की जयन्ती पर कार्यक्रम

22 दिसंबर, महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती, राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा ऑनलाइन क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया।

आमजन तक विज्ञान पहुँचाने का प्रयास

विवि में विज्ञान मेला का आयोजन



विवि और विज्ञान भारती अवध प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिसंबर को इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2020 (भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव) आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम "साइंस फ़ॉर सेल्फ–रेलायन्ट इंडिया एंड ग्लोबल वेलफेयर" विषय पर ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित किया गया । विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के सभागार में तथा गूगल मीट के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्ष कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य विज्ञान को आमजन तक पहुंचाना और आत्म–निर्भर बनने की दिशा में विज्ञान किस प्रकार सहयोग कर सकता है, इसपर चिंतन करना है।

मुख्य अतिथि, डॉ0 पी0 के0 त्रिवेदी, डायरेक्टर, सीमैप, श्री श्रेयांश मंडलोई, विज्ञान भारती, प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ अशोक पांडे ने विचार व्यक्त किये उन्होंने सर्कुलर इकोनामी के बारे में बताया और कहा कि बायोमास वेस्ट का सही प्रयोग करके अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा सकती है।

प्रोफेसर शिल्पी वर्मा आई.ए.टी.एल.आई.एस. की सदस्य नामित



विवि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शिल्पी वर्मा को पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित एसोसिएशन "इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस (आई0 ए0 टी0 एल0 आई0 एस0)" की सदस्य के तौर पर चुना गया है।

प्रो. आर.पी. सिंह विशेषज्ञ नामांकित

विवि के प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, डीन, एकेडमिक अफेयर्स को डिपार्टमेन्ट ऑफ साइन्स एंड टेक्नोलजी (डीएसटी), भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा वुमेन साइंटिस्ट स्कीम–बी (डबल्यू.ओ.एस.–बी) यानि महिला वैज्ञानिक योजना– बी के अंतर्गत ऊर्जा, जल, अपशिष्ट प्रबंधन (ईआर एंड डब्लू0डब्लूएम0) का विषय–विशेषज्ञ नामांकित किया गया है।

नौकरी के दौरान आने वाली चुनौतियों पर जानकारी



विवि और इंडियन अकैडमी आफ एंपावरमेंट एंड एजुकेशन रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिसंबर को "री–स्किलिंग एंड न्यू इमर्जिंग चैलेंजेस इन द जॉब मार्केट पोस्ट–कोविड 2020" विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉरपोरेट ट्रेनर वैभव मेदीरत्ता, ट्रेनर, इंडियन एकेडमी ऑफ़ एंप्लॉयमेंट एंड एजुकेशन रिसर्च, ने विद्यार्थियों को नौकरी के दौरान आने वाली चुनौतियों और कोविड–19 के बाद व्यवसाय जगत के बदले परिदृश्य के बारे में जानकारी दी।

"उन्नत भारत अभियान – 2.0" का उद्घाटन

विवि में "उन्नत भारत अभियान – 2.0" कार्यक्रम का उद्घाटन 10 नवंबर को विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह द्वारा किया गया। उन्नत भारत अभियान के द्वितीय चरण में कुलपति के दिशानिर्देश में एक साल की कार्य योजना की रूप रेखा तैयार की गई है।

बाबासाहेब को श्रद्धांजलि



परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर को विवि में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ0 अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गयी। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बाबासाहेब की 64वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।

एनसीसी कैडेट्स द्वारा विवि में कार्यक्रम



विवि में 20 यूपी गर्ल्स बटालियन और 67 बटालियन, लखनऊ से संबद्ध एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ0 राजश्री, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार डडवाल ने किया।

शोध कार्य का पेटेंट

विवि जूलॉजी विभाग के शिक्षक डॉ0 वेंकटेश कुमार को उनके शोध कार्य के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है। डॉ वेंकटेश ने विवि के जूलॉजी विभाग के पूर्व पीएच.डी. छात्र धीरज कुमार के साथ मिलकर "बायो–फोलियर एक पर्यावरण–अनुकूल सूत्रीकरण" विषय पर शोध किया है। यह शोध शहतूत की विभिन्न किस्मों के विकास और उत्पादकता के लिए लागू होता है।

कैंसर के प्रति जागरूकता

विवि स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) एवं एन.सी.सी. ने संयुक्त रूप कैंसर के प्रति जागरूकता एवं बचाव पर 13 नवम्बर को एक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया।

पुस्तकालय सप्ताह मनाया गया

विवि के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में दिनांक 14 से 20 नवंबर तक पुस्तकालय सप्ताह मनाया गया। इसके समापन के अवसर पर विभागाध्यक्ष, प्रो0 शिल्पी वर्मा, प्रो0 के0 एल0 महावर तथा प्रो0 एम0 पी0 सिंह ने भी विद्यार्थियों से पुस्तकालय सप्ताह पर चर्चा की।

ओरियंटेशन प्रोग्राम

25 नवंबर को ऑनलाइन माध्यम से विवि के इंफॉर्मेशन एंड गाइडेंस ब्यूरो सेल द्वारा नये विद्यार्थियों के लिए 'ओरियंटेशन प्रोग्राम–2020' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकेश मेश्राम, प्रिंसिपल सेक्रेट्री, टूरिज्म एंड कल्चर डिपार्टमेंट, मुख्य अतिथि रहे।

Babasaheb Bhimrao Ambedkar University
(A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road, Lucknow-226025, Uttar Pradesh, India
Patron : Prof. Sanjay Singh, Vice Chancellor, BBAU
Editorial Advisors : Prof. Gopal Singh, Prof. Govind Ji Pandey, Dr. Mahendra Kr. Padhy, Dr. Rachana Gangwar
Dr. Loknath, Dr. K.S. Bahadur, Dr. A.K. Singh
Issue Editor : Dr. Arvind Kumar Singh